रजिस्ट्री सं० डी०—(डी० एन०)—73

REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

17/2/8

सं० 17] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 26, 1986 (वैशाख 6, 1908)

No. 17] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 26, 1986 (VAISAKHA 6, 1908)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड-1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . .	333
भाग I—खण्ड-2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	481
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गये संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	—
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	531
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	*
भाग II—खण्ड-1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ . .	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट . . .	*
भाग II—खंड-3-उप-खंड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खंड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) . . .	*
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए सांविधिक नियम और आदेश . . .	*
भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . .	16671
भाग III—खंड 2—पेटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस . .	287
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं . .	435
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्ति और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस . .	69
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई।

1—31 GI/86

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	333
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	481
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4—Notification regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	531
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTON 1-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, by-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by general Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railways Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	16071
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	287
PART III—SECTION 3—Notification issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	435
PAR IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	69
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi ..	*

*Folio Nos. Not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 16 अप्रैल 1986

सं० 41-प्रेज/86--राष्ट्रपति बिहार पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :--

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री मोहम्मद इस्राईल, (मरणोपरान्त)
पुलिस उप निरीक्षक,
जिला बेटियाह ।

श्री सत्य नारायण प्रसाद, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल सं० 299,
जिला बेटियाह ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया ।

14 सितम्बर, 1983, को बाल्मीकि नगर के फोरेस्ट रेंज अधिकारी ने थाना बाल्मीकी नगर को लिखित सूचना भेजी कि नेपाल के मुन्ना खां डाकू ने अपने साथियों के साथ ट्रैक्टर लेकर भारत की सीमा (मदनपुर वन बीट सं० 26) में प्रवेश किया है तथा पेड़ों को काटने के बाद भूमि जोत रहा है। स्थानीय वन अधिकारी वहां गये, ट्रेक्टर के चालक तथा खलासी को गिरफ्तार करके उन्हें कानूनी कार्रवाई के लिये बाल्मीकि नगर पुलिस थाने में पेश किया ।

बालमीकि नगर पुलिस थाने में पुनः सूचना प्राप्त हुई कि अपराधी मुन्ना खां ने प्रतिशोध की भावना से दो वन रक्षकों का अपहरण कर लिया तथा उन्हें नेपाल क्षेत्र की ओर ले गया। बाल्मीकि नगर के प्रभारी अधिकारी श्री मोहम्मद इस्राईल सशस्त्र बल टुकड़ी और होम गार्ड के चार जवानों के साथ वन रक्षकों को छुड़ाने के लिये तुरन्त उस स्थान पर पहुंचे। घने जंगल में से गुजरते हुए उन्होंने अपहृत वन रक्षकों सहित मुन्ना खां तथा उसके दल को देखा। पुलिस उप निरीक्षक इस्राईल ने उन्हें ललकारा और अपहृत व्यक्तियों को छोड़ने के लिये कहा। इस पर, मुन्ना खां ने अपने आदमियों को सचेत किया और उसके 40-50 साथी घातक हथियार लेकर आये और पुलिस दल पर आक्रमण किया। पुलिस ने भी आत्म रक्षा में गोली चलाई तथा दोनों वन रक्षकों को छुड़ा लिया। अपराधियों द्वारा की गई भारी गोलीबारी के कारण उप निरीक्षक मोहम्मद इस्राईल, कांस्टेबल सत्य नारायण प्रसाद तथा होम गार्ड का एक जवान वीरगति को प्राप्त हुआ। दूसरी ओर मोहम्मद मोहम्मदहीन नामक अपराधी घटनास्थल पर ही मारा गया।

इस घटना में, श्री मोहम्द इस्राईल, पुलिस उप निरीक्षक, तथा श्री सत्य नारायण प्रसाद, कांस्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता साहस तथा उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं, तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 14 सितम्बर, 1983 से दिया जायेगा ।

सं० 42-प्रेज/86—राष्ट्रपति केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री वेद प्रकाश तिवारी, (मरणोपरान्त)
उप निरीक्षक, का०
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एकक,
ए० एस० पी० दुर्गापुर ।

सेवाओं का विवरण जिसके लिये पदक प्रदान किया गया ।

28 दिसम्बर, 1983 को श्री वी० पी० तिवारी, उप निरीक्षक, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के छापामार दल के साथ, सहायक उप निरीक्षक, वी० सी० दास का पता लगाने के लिये नितुरिया थाने गये जहां बताया गया था कि उन्होंने अवैध रूप से खनन किये गये कोयले से भरा एक ट्रक पकड़ने के बाद नितुरिया ग्राम वासियों द्वारा उनका घेराव कर लिया गया है। जैसे ही श्री तिवारी के नेतृत्व वाला दल थाने के नजदीक पहुंचा उन्होंने देखा कि लगभग 700-800 व्यक्तियों की भीड़ ने थाने को घेरा हुआ है। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के दल को देखकर भीड़ क्रोधित हो गई और केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के दल पर ईंट और अन्य हथियार फेंकने लगी। फिर भी, भीड़ का पीछा करके भगा दिया गया और उप निरीक्षक तिवारी श्री दास को बचाने के लिये थाने के अन्दर गये। जब श्री तिवारी और केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कार्मिक थाने से बाहर आये तो एक बार फिर भारी पथराव हुआ और अपराधों में प्रयोग आने वाले कुछ हथियार भी उन पर फेंके गये। इस परिणामस्वरूप, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के पांच कार्मिक जख्मी हो गये। इस बीच एक हथियार श्री तिवारी के सिर पर आकर लगा और वे गिर गये। इससे उनकी खोपड़ी पर काफी गहरा जख्म हो गया जिससे दिमाग से नेजों से रक्त स्राव हुआ और लगभग उसी समय श्री तिवारी का देहान्त हो गया। श्री तिवारी के पास एक कुल्हाड़ी और लोहे का हथौड़ा पड़ा मिला ।

श्री वेद प्रकाश तिवारी, उप निरीक्षक ने उत्कृष्ट साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 28 दिसम्बर, 1983 से दिया जायेगा ।

सं० 43-प्रेज/86--राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :--

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री सकल देव सिंह, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल सं० 1511, सी० पी०,
थाना—सराय अकिल,
जिला इलाहाबाद ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया।

7 मई, 1984 को कान्स्टेबल सकल देव सिंह, जिन्हें सदर, इलाहाबाद की अदालत में चल रहे एक मुकदमें की पैरवी में तैनात किया गया था, अदालत में पहुंचने के लिये बस में चढ़े। बस में लगभग 75 अन्य यात्री भी थे। बस खचाखच भरी हुई थी और उसकी छत पर अनाज तथा साइकिलों समेत काफी सामान भी लदा हुआ था। जब बस भगवतपुर गांव के निकट पहुंची तो उसे बगल की एक कच्ची सड़क पर मुड़ना था, क्योंकि मुख्य सड़क की एक पुलिया क्षतिग्रस्त थी। जब बस उसकी ओर मुड़ रही थी, इसकी छत असरावल कलां फीडर के उच्च कर्षण विद्युत तार को छू गई। भीषण विपत्ति का आभास करके बस का ड्राइवर बस से कूद पड़ा और चिल्ला कर कहा कि बस में बिजली से आग लग गई है और यात्रियों को बस से बाहर आ जाना चाहिये। इस चेतावनी से यात्री घबरा गये और आतंकित हो गये और बस से बाहर निकलने के लिये एक दूसरे को धकेलने लगे। इस बीच बिजली का तार टूट कर बस के बाईं ओर जमीन पर गिर पड़ा, जिससे बिजली के तार से छू कर मरने का खतरा पैदा हो गया। समय की गंभीरता को देखते हुए कांस्टेबल सकलदेव सिंह तुरन्त उठ और निजी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए उन्होंने अपने सहयात्रियों को उठा कर उनकी रक्षा के लिये उन्हें सामने की खिड़की से बाहर निकालना शुरू कर दिया। बस यात्रियों को बचाते-बचाते उन्होंने देखा कि पूरी बस में आग लग चुकी है। यदि वे चाहते तो अपने बचाव के लिये बस से बाहर छलांग लगा सकते थे, किन्तु उन्होंने बस में फंसे 4 बच्चों की जान बचाना बेहतर समझा। उन्होंने समय नष्ट किये बिना चारों बच्चों को बस से बाहर फेंका। चौदह सह-यात्रियों को उनकी सुरक्षा के लिये उन्हें बाहर निकालने की क्रिया में श्री सकल देव सिंह ने अपनी सारी शक्ति लगा दी और वे कुछ झुलस भी गये। दुर्भाग्यवश उनका शरीर भूमि पर पड़ी एकलाश से छू गया, जिसमें बिजली का करंट आ रहा था और बिजली के करण्ट के कारण घटना स्थल पर ही वे वीरगति को प्राप्त हो गये। इस घटना में कांस्टेबल सकलदेव सिंह सहित 35 व्यक्ति मारे गये तथा सारा सामान जलकर राख हो गया।

इस दुर्घटना में श्री सकल देव सिंह, कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट साहस तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 7 मई, 1984 से दिया जायेगा।

सं० 44/प्रेज/86—राष्ट्रपति मणिपुर राइफल्स के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक का बार सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री अहन्थेम रोमेन कुमार सिंह,
कमांडेन्ट, पहली बटालियन,
मणिपुर राइफल्स।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया।

8 दिसम्बर, 1984 को मणिपुर के मुख्य मंत्री सड़क के रास्ते लिटान और फुंगियार की ओर जा रहे थे। नागा सोशलिस्ट काउन्सिल आफ नागालैंड (एन० एस० सी० एन०) के खतरे के कारण श्री अहन्थेम रोमेन कुमार सिंह, कमांडेन्ट, पहली बटालियन, मणिपुर राइफल्स सहित सशस्त्र मार्ग रक्षकों की एक प्लाटून की ड्यूटी पर तैनात किया गया था। लेशी गांव को पार करने के बाद पूरे सुरक्षा दल पर उग्रवादियों ने घात लगाकर स्वचालित हथियार, हथगोलों तथा मार्टरों से जबरदस्त गोलीबारी की और सुरक्षा दल को भारी नुकसान पहुंचाया। जैसे ही कमांडेंट की जीप पर गोलियां चलाई गईं, वे बाहर कूदे और सड़क के दाईं ओर मोर्चा संभाला तथा अपनी पिस्तौल से जवाबी गोली चलाई। अपनी जान के खतरे के बावजूद सुरक्षा दल गोलियों की बौछार से गुजरकर वी० आई० पी० के स्थान की ओर रेंगकर बढ़ा। जब कुछ पुलिस कार्मिक मुख्य मंत्री को आवरण दे रहे थे तो अन्य उन्हें जीप से उतारकर सुरक्षित स्थान पर ले आये। इसके बाद श्री अहन्थेम रोमेन कुमार सिंह अपने दल के साथ आक्रमण करते हुए पहाड़ी की ओर बढ़े जहां से गोलियां चलाई जा रही थीं परन्तु उग्रवादी घने जंगल में से बचकर भागने में सफल हो गये।

इस मुठभेड़ में श्री अहन्थेम रोमेन कुमार सिंह, कमांडेंट ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक का बार नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 दिसम्बर, 1984 से दिया जायेगा।

सं० 45/प्रेज/86—राष्ट्रपति बिहार पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री निर्मल चन्द्र ढोंडियाल,
पुलिस सहायक अधीक्षक,।

श्री माणिक लाल प्रधान,
कांस्टेबल सं० 734,
बी० एम० पी० 1, रांची।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया।

17 मई, 1983 को बेलागंज थाने में सूचना प्राप्त हुई कि रणजीत भारती के कुख्यात अपराधियों के गिरोह ने, बाराबार के पहाड़ी क्षेत्र में शिविर लगाया हुआ है और खड़गपुर गांव पर हमला करने और लूटने की योजना बना रहा है। श्री निर्मल चन्द्र ढोंडियाल पुलिस सहायक अधीक्षक के नेतृत्व में एक शक्तिशाली पुलिस दल संगठित किया गया। छापामार दल उसी रात को खड़गपुर गांव पहुंच गया। डाकुओं की कानाफूसी सुनकर छापामार दल ने एक सूखी खाई में मोर्चा संभाला और उन्हें अपनी पहचान बताने के लिये ललकारा। चेतावनी का जवाब गोलियों की बौछार से दिया गया। पुलिस दल ने उन्हें फिर से आत्म-समर्पण करने और गोलीबारी बन्द करने के लिये कहा लेकिन इसका कोई लाभ नहीं हुआ। अपराधियों की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिये एक रोशनी करने वाले सैल का विस्फोट किया गया। इस रोशनी में लगभग 15 डाकुओं को देखा गया, जो सभी राईफलों, बन्दूकों इत्यादि से लैस थे। कान्सटेबल माणिक लाल प्रधान एक अन्य सशस्त्र कान्स्टेबल और एक सार्जेन्ट मेजर के साथ, बेहतर स्थान पर जाने के लिये खाई से बाहर निकले। इस चेष्टा में कांस्टेबल प्रधान की जांघ में गोलियां लगीं। पुलिस ने आत्म रक्षा में गोली चलाई। गोली बारी में रणजीत भारती और उसका भाई उमल भारती पुलिस की गोली लगने से गिर गये। रोशनी करने वाली पिस्तौल के दूसरे राउण्ड की रोशनी में इसका पता चला, जब कुछ अपराधियों को भागते हुए देखा गया।

इस मुठभेड़ में, श्री निर्मल चन्द्र ढोंडियाल, पुलिस सहायक अधीक्षक और श्री माणिक लाल प्रधान, कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 17 मई, 1983 से दिया जायेगा।

सं० 46/प्रेज/86—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री ज्ञान सिंह
पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र)
आगरा।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया।

4 फरवरी, 1984 को यह सूचना मिली कि करतार मल्लाह का गिरोह खादरपुरा गांव के श्री गोवर्धन लाल के घर पर डाका डालने और उसके लड़के का अपहरण करने की योजना बना रहा है। ज्ञान सिंह, पुलिस अधीक्षक, आगरा ने छापामार दल गठित किया और श्री गोवर्धन लाल के घर की ओर रवाना हुए। उन्होंने दल को छोटे छोटे दलों में बांटा और स्वयं घर की छत पर मोर्चा संभाला। अन्य दलों को घर के अन्दर, पड़ोस के मकानों की छतों पर और ट्यूबवैल पर तैनात किया गया। लगभग रात के आठ बजे अपराधी आये और उन्होंने घर में घुसने की चेष्टा की। किन्तु पुलिस अधीक्षक, ज्ञान सिंह ने उन्हें आत्म समर्पण करने के लिये ललकारा। अपराधियों ने जवाब में उन पर गोलियां चलाई और वे बाल-बाल बच गए। श्री ज्ञान सिंह ने गोली का जवाब गोली से दिया और डाकुओं को आड़ लेनी पड़ी। गिरोह के नेता ने अपने साथियों की गोलियों की आड़ में सीढ़ियों पर चढ़ते हुए, श्री ज्ञान सिंह के नेतृत्व में पुलिस दल पर हावी होने की निष्फल कोशिश की किन्तु श्री ज्ञान सिंह ने करतार मल्लाह को गोली का निशाना बनाया और वह गिर पड़ा। घर के अन्दर छिपे पुलिस दल ने श्री सिंह को गोलियों की आड़ में लिये रखा। डाकू चिल्लाये कि मुखिया को गोली लगी है और तुरन्त डाकुओं द्वारा गोली चलाया जाना बन्द कर दिया गया, तथा शेष अपराधियों का पीछा करने के लिये पुलिस दल को तैनात किया गया। खोज बीन करने पर पता चला कि मुठभेड़ में करतार मल्लाह व उसके छः साथी मारे गये। उनके कब्जे से एक सेमी आटोमेटिक इंगलिश राईफल, फैक्टरी निर्मित .315 बोर की दो बन्दूकें, फैक्टरी निर्मित एक डी० बी० बी० एल० बन्दूक, दो एस० बी० बी० एल० विदेशी बन्दूक, एक एस० बी० बी० एल० देसी बन्दूक तथा भारी मात्रा में गोला बारूद मिला।

इस मुठभेड़ में, श्री ज्ञान सिंह, पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 4 फरवरी, 1984 से दिया जायेगा।

सं० 47/प्रेज/86—राष्ट्रपति बिहार पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक का बार सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री जैनुद्दीन खान,
पुलिस उप निरीक्षक,
थाना बेलागंज, जिला गया।

श्री जानकी प्रसाद गुप्ता,
सार्जेन्ट मेजर, गया।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

17 मई, 1983 को बेलागंज पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी, श्री जैनुद्दीन खान को सूचना मिली कि रणजीत भारती का कुख्यात गिरोह बाराबार के पहाड़ी क्षेत्र में शिविर लगाये हुए है तथा डकगपुर गांव पर आक्रमण करने और लूटने की योजना बना रहा है। सहायक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में शक्तिशाली पुलिस बल का गठन किया गया। छापामार दल उसी रात डकगपुर गांव पहुंचा। डाकुओं की कानाफूसी सुनकर, पुलिस दल ने सूखी खाई में मोर्चा संभाला तथा उन्हें सामने आने के लिए ललकारा ललकार के जवाब में गोलियों की बौछार हुई। पुलिस दल ने उन्हें पुनः आत्म समर्पण करने तथा गोली बारी बन्द करने के लिये कहा परन्तु कोई लाभ नहीं हुआ। अपराधियों की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिये रोशनी करने वाले एक सेल का विस्फोट किया गया। इसकी रोशनी में लगभग 15 डाकुओं को देखा गया जो राइफलों, बन्दूकों इत्यादि से लैस थे। सार्जेन्ट मेजर जानकी प्रसाद गुप्ता तथा अन्य कान्स्टेबल बेहतर स्थान पर जाने के लिये खाई से बाहर निकले। इस चेष्टा में कान्स्टेबल की जांघ में गोलियां लगीं। पुलिस ने आत्म रक्षा में गोली चलायी। गोलियां चलने के दौरान रणजीत भारती तथा उसका भाई उमल भारती पुलिस की गोलियां लगने से गिर गये। रोशनी करने वाली पिस्तौल के दूसरे राउण्ड की रोशनी में इसका पता लगा, जब कुछ अपराधियों को भागते हुए देखा गया।

इस मुठभेड़ में, श्री जैनुद्दीन खान, पुलिस उप निरीक्षक तथा श्री जानकी प्रसाद गुप्ता, सार्जेन्ट मेजर ने उत्कृष्ट, वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 17 मई, 1983 से दिया जायेगा।

सं० 48/प्रेज/86—राष्ट्रपति मणिपुर राइफल्स पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री वाहेंगबम धिरेन सिंह,
हैड कान्सटेबल, मणिपुर पुलिस।

श्री पोटसंगबम गोपाल सिंह,
लांस नायक सं० 13081
पहली बटालियन मणिपुर राईफल्स

श्री जी० शिगबा रोंगमेई,
कांस्टेबल सं० 2166

श्री गोटिमयुम इबोचौबा शर्मा,
कान्सटेबल नं० 2094

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया

8 दिसम्बर, 1984 को मणिपुर के मुख्यमंत्री सड़क से लिटन और फुंगबार की ओर जा रहे थे। नागालैंड की नागा सोशलिस्ट काउन्सिल (एन० एस० सी० एन०) के खतरे के कारण हैड कान्सटेबल वाहेंगबम धिरेन सिंह, लांस नायक पोटसंगबम गोपाल सिंह, कान्सटेबल जी० शिगबा रोंगमेई और श्री गोटिमयुम इबोचौबा शर्मा सहित सशस्त्र मार्ग रक्षकों की एक प्लाटून को ड्यूटी पर तैनात किया गया था। लेशी गांव को पार करने के बाद सम्पूर्ण सुरक्षा बल पर उग्रवादियों ने घात लगाकर स्वचालित हथियारों, हथगोलों और मोर्टर से जबरदस्त गोली बारी की और सुरक्षा बल को भारी नुकसान पहुंचाया। मुठभेड़ में दो लांस नायक और दो राइफल मैन गोली लगने से घायल हो गये और उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। 6 राईफल मैन भी घायल हो गये। उप महानिरीक्षक (पर्वतीय) जो सुरक्षा दल के साथ थे, के हथ गोले की छिलरनों से घाव हो गये। जैसे ही कमाण्डेन्ट की जीप पर गोलियां चलाई गईं, वे बाहर कूदे और सड़क के बायीं ओर मोर्चा संभाला और अपनी पिस्तौल से जवाबी गोली चलाई। जान के लिये भारी खतरे के बावजूद ये अधिकारी जवान गोलियों की बौछार से गुजरकर वी० आई० पी० के स्थान की ओर रेंगकर बढ़े। श्री धिरेन सिंह, हैड कान्स्टेबल, श्री पी० गोपाल सिंह, लांस नायक, श्री जी० आई० शर्मा कान्स्टेबल, (ड्राइवर) और श्री जी० एस० रोंगमई, कान्सटेबल ने मुख्य मंत्री को आवरण दिया जबकि दूसरे व्यक्ति उन्हें जीप से उतार कर सुरक्षित स्थान पर ले गये। उसके बाद मणिपुर राईफल्स की प्रथम बटालियन के कमांडेंट अपने दल के साथ आक्रमण करते हुए पहाड़ी की ओर बढ़े, जहां से गोलियां चलाई जा रही थीं लेकिन उग्रवादी घने जंगल में से बचकर भागने में सफल हो गये।

इस मुठभेड़ में श्री वाहेंगबम धिरेन सिंह, हैड कान्सटेबल, श्री पोटसंगबम गोपाल सिंह, लांस नायक, श्री जी० शिगबा रोंगमेई, कान्सटेबल और श्री गोटिमयुम इबोचौबा शर्मा, कान्सटेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 दिसम्बर, 1984 से दिया जायेगा।

के० सी० सिंह, राष्ट्रपति का उप सचिव

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 1 अप्रैल 1986

संकल्प

सं० 20012/1/84-हिन्दी-2--भारत सरकार, गृह मंत्रालय के दिनांक 26 जून तथा 30 सितम्बर, 1985 और 13 मार्च, 1986 के संकल्प सं० 20012/1/84-हिन्दी-2 के अनुक्रम में श्री किशन चन्द अग्रवाल को गृह मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति का गैर-सरकारी सदस्य नामित करती है ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति समिति के सभी सदस्यों, राष्ट्रपति सचिवालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधान मंत्री कार्यालय, भारत के नियंत्रक व महालेखा-परीक्षक, लोक सभा सचिवालय और राज्य सभा सचिवालय को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प आम जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

मदन मोहन शर्मा
सदस्य-सचिव, गृह मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति
एवं, उप सचिव

कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नियम

नई दिल्ली, दिनांक अप्रैल 1986

सं० 4/13/86-के० से० (1) : निम्नलिखित सेवाओं के ग्रेड-1 की चयन सूचियों में सम्मिलित करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 1986 में की जाने वाली अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवारों के लिए सम्मिलित ग्रेड-1 (अवर सचिव) सीमित विभागीय परीक्षा के नियम संबंधित मंत्रालयों को सहमति से सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं ।

वर्ग-I

केन्द्रीय सचिवालय सेवा का ग्रेड-1

वर्ग-II

भारतीय विदेशी सेवा, शाखा "ख" के सामान्य संवर्ग का ग्रेड-1

वर्ग-III

रेल बोर्ड सचिवालय का ग्रेड-1

1. प्रत्येक ग्रेड की चयन सूची में सम्मिलित करने के लिए चयन किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किये गये नोटिस में निर्दिष्ट की जाएगी ।

2. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा यह परीक्षा परिशिष्ट में निर्धारित नियमों के अनुसार ली जाएगी ।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा निश्चित किये जाएंगे ।

3. (क) स्थायी अधिकारी या अन्य ऐसे अधिकारी जिसका नाम नीचे कालम एक में उल्लिखित ग्रेडों और सेवाओं की चयन सूची में सम्मिलित कर लिया गया है जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति का है तथा जिसने 31 दिसम्बर 1985 को कालम 2 में उल्लिखित सेवा से संबंधित शर्तें पूरी कर ली हैं, कालम 3 में उल्लिखित सेवा के वर्ग हेतु परीक्षा में बैठने का पात्र होगा ।

कालम 1	कालम 2	कालम 3
केन्द्रीय सचिवालय सेवा का अनुभाग अधिकारी ग्रेड या केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा का ग्रेड "क"	का केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग वर्ग-I और अधिकारी ग्रेड में अथवा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड (क) अथवा में दोनों में जैसी भी स्थिति हो अनुमोदित तथा लगातार सेवा 4 वर्ष से कम ना हो	
समान्य संवर्ग का समेकित ग्रेड-III सेवा "ख" के आशुलिपिक संवर्ग का चयन ग्रेड"	सामान्य संवर्ग के समेकित ग्रेड-ii और वर्ग ii और III और या भारतीय विदेश III या भारतीय विदेश सेवा "ख" के आशुलिपिक संवर्ग के चयन ग्रेड अथवा दोनों में, जैसी भी स्थिति हो अनुमोदित तथा लगातार सेवा 4 वर्ष से कम न हो	
रेल बोर्ड सचिवालय सेवा का अनुभाग अधिकारी ग्रेड या रेल बोर्ड आशुलिपिक सेवा का ग्रेड "क"	रेल बोर्ड सचिवालय सेवा के अनुभाग वर्ग-III और अधिकारी ग्रेड में अथवा रेल बोर्ड आशुलिपिक सेवा के ग्रेड "क" अथवा दोनों में जैसी भी स्थिति हो, अनुमोदित तथा लगातार सेवा 4 वर्ष से कम न हो	

टिप्पणी (1)

केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/रेल बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड "क" तथा भारतीय विदेश सेवा शाखा (ख) के आशुलिपिक संवर्ग के चयन ग्रेड के अधिकारियों के मामले में अनुमोदित सेवा में उक्त सेवा के ग्रेड "ख"/ग्रेड 1 में की गई अनुमोदित सेवा की आधी अवधि शामिल होगी ।

(2) सैनिक ड्यूटी में रहने पर अनुपस्थिति की किसी भी अवधि को उपयुक्त पदों में से किसी भी पद के लिए निर्धारित सेवा काल में गिनने की अनुमति दी जाएगी ।

(3) केन्द्रीय सचिवालय सेवा/रेल बोर्ड सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी तथा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/रेल बोर्ड सचिवालय सेवा के ग्रेड "क" तथा.

(II) समान्य संवर्ग के समेकित ग्रेड II और III तथा भारतीय विदेश सेवा शाखा (ख) के आशुलिपिक संवर्ग के चयन ग्रेड के अधिकारियों को जो सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से संवर्ग बाह्य पद पर हैं यदि अन्यथा पात्र हों, तो परीक्षा मे प्रवेश की अनुमति होगी । किन्तु यह किसी ऐसे अधिकारी पर लागू नहीं होगा जो किसी संवर्ग बाह्य पद पर नियुक्त हुआ हो अथवा स्थानांतरण पर किसी अन्य सेवा में नियुक्त किया गया हो और जिसका (I) और (II) में उल्लिखित अपने ग्रेड में पुर्नग्रहणाधिकार न हो ।

4. परीक्षा में प्रवेश के लिए अथवा अन्यथा किसी बात के लिए उम्मीदवार की पात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा ।

5. किसी भी उम्मीदवार को तब तक परीक्षा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि उसके पास आयोग से प्राप्त प्रवेश प्रमाण-पत्र न हो ।

6. आयोग द्वारा निम्नलिखित कारणों से घोषित दोषी उम्मीदवार को जिसने :-

(1) किसी भी तरीके से अपनी अभ्यर्थिता के लिए समर्थन प्राप्त करने, अथवा

(2) प्रतिरूपण करने, अथवा

(3) किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिरूपण करवाने, अथवा

(4) जाली अथवा ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करना जिनमें हेर फेर किया हो, अथवा

(5) गलत अथवा असत्य विवरण देने अथवा तथ्य को छिपाने अथवा

(6) परीक्षा के लिए अपनी अभ्यर्थिता के संबंध में किसी अन्य अनियमित अथवा अनुपयुक्त तरीकों से काम लेने, अथवा

(7) परीक्षा के दौरान अनुचित तरीके अपनाने, अथवा

(8) उत्तर पुस्तिकों (पुस्तिकाओं) में अप्रासंगिक विषय लिखने, जिसमे अश्लील भाषा अथवा अश्लील सामग्री शामिल है अथवा

(9) परीक्षा भवन में किसी प्रकार का दुर्व्यवहार करने, अथवा

(10) परीक्षाओं को आयोजित करने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान करने अथवा उन्हें शारीरिक नुकसान पहुंचाने, अथवा

(11) उम्मीदवार को परीक्षा देने की अनुमति देते हुए प्रेषित प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ जारी किसी अनुदेश का उल्लंघन किया हो, या

(12) पूर्वोक्त खण्डों में बताया गया कोई काम करने का प्रयत्न अगर कोई करता हो या इन कामों को करने के लिए किसी को उकसाता हो तो उसके खिलाफ अपराधिक अभियोग तो चलाया ही जा सकता है, इसके अतिरिक्त उसे

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है जिसके लिए वह उम्मीदवार है, अथवा

(ख) (i) आयोग द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा अथवा चयन से

(ii) केन्द्र सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नियोजन से स्थायी रूप से

अथवा किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए वर्जित किया जा सकता है, और

(ग) समुचित नियमों के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है। किन्तु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक

(1) उम्मीदवार को इस संबंध में लिखित अभ्यावेदन जो वह देना चाहे, प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो, और

(2) उम्मीदवार द्वारा अनुमत समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर यदि कोई हो, विचार न लिया गया हो।

7. आयोग जिन उम्मीदवारों को परीक्षा के परिणाम के आधार पर चयन के लिए उपयुक्त समझेगा उनके नामों का, जिसमें दोनों अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार सम्मिलित होंगे, योग्यता क्रम में एक ही सूची बनाएगा और इस क्रम से जितने भी उम्मीदवार आयोग द्वारा योग्य माने जाएंगे उनकी चयन सूची में सम्मिलित करने के लिए अपेक्षित संख्या तक अनुशंसा की जाएगी।

टिप्पणी :-

उम्मीदवार को यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि यह प्रतियोगिता परीक्षा है ना कि अर्हक परीक्षा।

परीक्षा के परिणाम के आधार पर प्रत्येक चयन सूची में शामिल किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या नियत करने के लिए सरकार पूरी तरह से सक्षम है। कोई भी उम्मीदवार इस परीक्षा में अपने निष्पादन के आधार पर चयन सूची में शामिल किए जाने के लिए अधिकार के रूप में दावा नहीं कर सकेगा।

8.-प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षा फल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा। आयोग परीक्षा फल के बारे में किसी भी उम्मीदवार से पत्राचार नहीं करेगा।

9.-परीक्षा मे सफल हो जाने मात्र से नियुक्ति का अधिकार तब तक नहीं मिलता, जब तक कि सरकार आवश्यक जांच के बाद संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार सेवा में कार्य संचालन की दृष्टि से चयन के लिए हर प्रकार से योग्य है।

परन्तु आयोग द्वारा चयन के लिए अनुशंसित किए गए किसी उम्मीदवार को चयन के लिए अपात्र मानने के बारे में निर्णय आयोग के साथ परामर्श करके किया जाएगा।

10.-यदि कोई उम्मीदवार जो परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र भेजने के बाद अथवा परीक्षा में बैठने के बाद अपनी नियुक्ति से त्याग पत्र दे देता है अथवा और किसी कारणवश सेवा छोड़ देता है अथवा उससे संबंध विच्छेद कर लेता है अथवा उसकी सेवा उसके विभाग द्वारा समाप्त कर दी जाती है अथवा उसे किसी संवर्ग बाह्य पद पर अथवा अन्य सेवा में स्थानांतरण पद पर नियुक्ति कर दिया जाता है और उसका उपयुक्त नियम 3 (क) के कालम 1 में उल्लिखित ग्रेडों और सेवाओं में अपना पुनर्ग्रहणाधिकार नहीं है तो वह इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्त होने का पात्र नहीं होगा।

परन्तु यह बात उस व्यक्ति के मामले में लागू नहीं होती जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त हो।

बी० बी० चड्ढा,
अवर सचिव

परिशिष्ट

परीक्षा निम्नलिखित योजना के अनुसार आयोजित की जाएगी।

भाग-I निम्नलिखित विषयों पर दो प्रश्न पत्रों की लिखित परीक्षा होगी जिनमे से हर एक के 200 अंक रखे गए हैं।

प्रश्न पत्र-I (i) भारत सरकार सचिवालय और संगठन कार्यालयों की प्रक्रिया और पद्धति।

(वर्ग I और II के लिए)

(ii) कार्यालय प्रक्रिया और पद्धति

(वर्ग III के लिए)

प्रश्न पत्र दो भारतीय संविधान तथा शासन तंत्र का सामान्यज्ञान संसदीय पद्धति और प्रक्रिया।

प्रत्येक प्रश्न पत्र 2 1/2 घण्टे का होगा।

भाग-II आयोग की विवेक पर ऐसे उम्मीदवारों के वांछनीय अभिलेखों का मूल्यांकन तथा साक्षात्कार-200 अंक

2-परीक्षा की पाठ्यचर्या अनुसूची के अनुसार होगी।

3-उम्मीदवारों को प्रश्नों के उत्तर अंग्रेजी तथा हिन्दी (देवनागरी) में देने का विकल्प होगा। प्रश्न पत्र अंग्रेजी और हिन्दी में तैयार किए जाएंगे।

टिप्पणी :-I

सभी प्रश्नों के लिए एक सा विकल्प होगा तथा उसी प्रश्न-पत्र में विभिन्न प्रश्नों के लिए अलग-अलग विकल्प नहीं होगा।

टिप्पणी-II

उक्त प्रश्नों-पत्रों का उत्तर हिन्दी देवनागरी में देने का विकल्प देने वाले उम्मीदवारों को अपने इस इरादे का उल्लेख आवेदन पत्र के सम्बद्ध कालम में स्पष्ट रूप से करना चाहिए, नहीं तो यह समझा जाएगा कि वे सभी प्रश्न-पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में ही देंगे। एक बार दिया गया विकल्प अंतिम मान लिया जाएगा तथा उक्त कालम में परिवर्तन करने का कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

टिप्पणी–III

प्रश्न पत्र के उत्तर हिन्दी (देवनागरी) में लिखने वाले उम्मीदवार, यदि वे चाहें , हिन्दी की परिभाषिक शब्दावली, यदि कोई हो, के साथ अंग्रेजी पर्याय भी कोष्ठक में दे सकते हैं।

4.–उम्मीदवारों को प्रश्न पत्रों के उत्तर स्वयं ही लिखने होंगे। किसी भी स्थिति में उत्तर लिखने के लिए उन्हें किसी अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं होगी।

5.–आयोग अपनी विवेक्षा पर परीक्षा के लिए किसी एक या सभी भागों के अर्हक अंक निर्धारित करेगा। केवल उन्हीं उम्मीदवारों के गोपनीय रिपोर्टों के मूल्यांकन तथा साक्षात्कार में बुलाए जाने पर विचार किया जाएगा जो लिखित परीक्षा में आयोग की विवेक्षानुसार नियत किए गए न्यूनतम अर्हक प्राप्त कर लेंगे।

6.–मात्र सतही ज्ञान के लिए कोई अंक नहीं दिए जाएंगे।

7.–लिखित विषयों में अस्पष्ट लिखाई के लिए अधिकतम अंकों के 5 प्रतिशत अंक तक काट लिए जाएंगे।

8.–परीक्षा के सभी विषयों में इस बात पर श्रेय दिया जाएगा कि अभिव्यक्ति कम से कम शब्दों में क्रमबद्ध तथा प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक-ठीक की गई हो।

9. उम्मीदवारों को प्रश्न पत्रों के उत्तर लिखते समय भारतीय अंकों के अन्तर्राष्ट्रीय रूप (अर्थात 1, 2, 3, 4, 5, 6 आदि) का ही प्रयोग करना चाहिए।

अनुसूची

परीक्षा की पाठ्यचर्या

जहां नियमों, आदेशों, अनुदेशों आदि का ज्ञान अपेक्षित है, उम्मीदवारों से यह आशा की जाएगी कि वह इस परीक्षा की अधिसूचना की तारीख तक जारी किए गए संशोधनों की जानकारी रखें।

भारत सरकार के सचिवालय सम्बद्ध कार्यालयों का प्रक्रिया और पद्धति (वर्ग I तथा II के लिए)

इसका उद्देश्य भारत सरकार के सचिवालय और सम्बद्ध कार्यालयों की प्रक्रिया और पद्धति में गहन तथा विस्तृत परीक्षा है। इस विषय पर कुछ मार्गदर्शन निम्नलिखित पुस्तकों से प्राप्त किया जा सकता है :–

(i) इस अधिसूचना के समय प्रचलित कार्यालय प्रक्रिया पुस्तिका।

(ii) कार्यालय प्रक्रिया पर सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबन्ध संस्थान द्वारा जारी की गई टिप्पणियां।

(iii) संघ के सरकारी काम काज में हिन्दी के प्रयोग से संबंधित गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई आदेशों की पुस्तिका।

कार्यालय प्रक्रिया और पद्धति (वर्ग III के लिए)

इसका उद्देश्य रेल मंत्रालय (रेल बोर्ड) तथा संबद्ध कार्यालयों में कार्यविधि तथा कार्यप्रणाली में गहन तथा विस्तृत परीक्षा है, इस विषय पर कुछ मार्ग दर्शन निम्नलिखित पुस्तकों से प्राप्त किया जा सकता है :–

(i) इस अधिसूचना के समय रेल मंत्रालय (रेल बोर्ड) द्वारा जारी की गई प्रचलित कार्यालय प्रक्रिया पुस्तिका।

(ii) गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई संघ के सरकारी काम काज में हिन्दी के प्रयोग में संबंधित आदेशों की पुस्तिका।

भारत के संविधान और शासन तंत्र, संसद प्रक्रिया और पद्धति का सामान्य ज्ञान

टिप्पणी :–निम्नलिखित विषयों के ज्ञान की अपेक्षा की जाती है।

(1) भारत के संविधान के मुख्य सिद्धांत

(2) लोक सभा तथा राज्य सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली।

(3) भारत सरकार के शासन तंत्र का संगठन मंत्रालयों विभागों तथा संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों के पदनाम तथा उनमें विषयों का आबंटन और उनके परस्पर संबंध।

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 26 अप्रैल, 1986

संख्या 9/4/85-के० से०II—अगस्त, 1986 में कर्मचारी, चयन आयोग द्वारा केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा, रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा पर्यटन विभाग (मुख्यालय स्थापना), केन्द्रीय सतर्कता आयोग तथा भारत निर्वाचन आयोग के सचिवालय के उच्च श्रेणी ग्रेड की चयन सूचियों में सम्मिलित करने के लिए एक सीमित विभागीय प्रतियोगितात्मक परीक्षा के लिए नियम सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं।

2. चयन सूचियों में सम्मिलित किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति में बता दी जाएगी। केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण किए जायेंगे।

अनुसूचित जाति/आदिम जाति का अभिप्राय उस किसी भी जाति से है ज. निम्नलिखित में उल्लिखित है :—

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950, संविधान, (अनुसूचित आदिम जाति) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951, संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति सूचियां (संशोधन), आदेश, 1956, बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960 पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970, तथा उत्तर पूर्वीय क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 द्वारा, संशोधित किए गए के अनुसार संविधान (जम्मू व कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश 1956, संविधान (अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित आदिम जाति, आदेश, 1959, संविधान (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962, संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) (उत्तर प्रदेश), आदेश, 1967, संविधान (गोवा दमन तथा दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968, संविधान (गोवा, दमन तथा दीव) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1968, संविधान (नागालैण्ड) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1970 और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति (संशोधन), अधिनियम, 1976, संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978 तथा संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1978।

3. कर्मचारी चयन आयोग द्वारा इस परीक्षा का कार्य संचालन इन नियमों के परिशिष्ट, में विहित विधि से किया जाएगा।

किस तारीख को और किन-किन स्थानों पर परीक्षा ली जायेगी, इसका निर्धारण आयोग करेगा।

4. केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा अथवा पर्यटन विभाग (मुख्यालय स्थापना) अथवा केन्द्रीय सतर्कता आयोग अथवा भारत के निर्वाचन आयोग के अवर श्रेणी ग्रेड का ऐसा कोई स्थायी अथवा नियमित रूप से नियुक्त अस्थायी अधिकारी जो 1 अगस्त, 1986 को निम्नलिखित शर्तें पूरी करता हो, इस परीक्षा में बैठ सकेगा :—

(1) 1 अगस्त, 1986 को केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड में अथवा पर्यटन विभाग (मुख्यालय स्थापना) अथवा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के अवर श्रेणी लिपिक के पद पर उसकी पांच वर्ष से कम की अनुमोदित तथा लगातार सेवा अथवा भारत के निर्वाचन आयोग के सचिवालय में उसकी 3 वर्ष से कम की अनुमोदित तथा लगातार सेवा नहीं होनी चाहिए।

परन्तु यदि केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा अथवा पर्यटन विभाग (मुख्यालय स्थापना) अथवा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के अवर श्रेणी ग्रेड में उसकी नियुक्ति प्रतियोगितात्मक परीक्षा जिसमें सीमित विभागीय प्रतियोगितात्मक परीक्षा के परिणाम निर्णायक तारीख से कम से कम पाँच वर्ष पहले घोषित हुए होने चाहिए तथा उसकी उस ग्रेड में कम से कम चार वर्ष की अनुमोदित और लगातार सेवा होनी चाहिए।

परन्तु यदि भारत के निर्वाचन आयोग के सचिवालय के अवर श्रेणी लिपिक के पद पर उसकी नियुक्ति प्रतियोगितात्मक परीक्षा, जिसमें सीमित विभागीय प्रतियोगितात्मक परीक्षा भी शामिल है, के परिणाम के आधार पर हुई हो, तो ऐसी परीक्षा के परिणाम निर्णायक तारीख से कम से कम 3 वर्ष पहले घोषित हुए होने चाहिए तथा उसकी उस ग्रेड में कम से कम 2 वर्ष की अनुमोदित और लगातार सेवा होनी चाहिए।

टिप्पणी 1 :—स्वीकृत तथा लगातार सेवा की 5 वर्ष की सीमा उस अवस्था में भी लागू होगी यदि किसी उम्मीदवार की कुल विचारणीय सेवा अंशतः केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा पर्यटन विभाग (मुख्यालय स्थापना) अथवा केन्द्रीय सतर्कता आयोग में अवर श्रेणी लिपिक के रूप में और अंशतः उच्च श्रेणी लिपिक के रूप में की गई हो।

टिप्पणी 2 :—अनुमोदित तथा लगातार सेवा की 3 वर्ष की सीमा उस अवस्था में भी लागू होगी, यदि किसी उम्मीदवार की कुल विचारणीय सेवा अंशतः भारत के निर्वाचन आयोग के सचिवालय में अवर श्रेणी लिपिक के रूप में और अंशतः उच्च श्रेणी लिपिक के रूप में की गई हो।

टिप्पणी 3 :—केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा अथवा भारत के निर्वाचन आयोग के सचिवालय अथवा पर्यटन विभाग (मुख्यालय स्थापना) अथवा केन्द्रीय सतर्कता आयोग का कोई स्थायी अथवा नियमित रूप से नियुक्त अस्थायी अवर श्रेणी लिपिक, जिसमें 26 अक्तूबर, 1962 को जारी की गई आपातकाल की उद्घोषणा के प्रवर्तन काल में अर्थात् 26 अक्तूबर, 1962 से 9 जनवरी 1968 तक सशस्त्र सेना में सेवा की हो, सशस्त्र सेना से प्रत्यावर्तन पर सशस्त्र सेना में अपनी सेवा की अवधि (प्रशिक्षण की अवधि मिलाकर यदि कोई हो) निर्धारित न्यूनतम सेवा में गिन सकेगा; अथवा

टिप्पणी 4 :—ऐसे अवर श्रेणी लिपिक जो सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से निःसंवर्गीय पदों पर प्रतिनियुक्ति हो उन्हें, अन्यथा पात्र होने पर इस परीक्षा में भाग लेने का पात्र समझा जाएगा। तथा यह बात उन अवर श्रेणी लिपिकों पर लागू नहीं होती जो स्थानान्तरित रूप में निःसंवर्गीय पदों पर या अन्य सेवा में नियुक्त किए गए हों, और केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा अथवा भारत के निर्वाचन आयोग के सचिवालय अथवा पर्यटन विभाग (मुख्यालय स्थापना) अथवा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निम्न श्रेणी ग्रेड में ग्रहण अधिकार (लियन) न रखते हों।

(2) आयु :—

(क) यदि वह पैरा 1 में वर्णित किन्हीं भी सेवाओं में स्थायी अथवा नियमित रूप से नियुक्त अवर श्रेणी लिपिक है तो 1-8-86 को उसकी आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात् उसका जन्म 2 अगस्त, 1936 से पूर्व नहीं हुआ हो।

(ख) उपरिलिखित ऊपरी आयु सीमा में निम्नलिखित और छूट होगी :—

(i) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(ii) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1974 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो, तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(iii) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या किसी अनुसूचित जन जाति का हो तथा भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का सद्भाविक विस्थापित व्यक्ति भी हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो, तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक,

(iv) यदि उम्मीदवार श्री लंका से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो, तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(v) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का हो और श्रीलंका से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो तथा अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो, तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक,

(vi) यदि उम्मीदवार भारत मूलक व्यक्ति हो, और उसने कीनिया, उगांडा, या तंजानिया संयुक्त गणराज्य से प्रव्रजन किया हो, तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(vii) यदि उम्मीदवार भारतीय मूल का हो और किसी अनुसूचित या आदिम जाति का हो तथा केन्या, उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टंगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन हो तो अधिकतम 8 वर्ष तक,

(viii) यदि उम्मीदवार बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(ix) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो तथा बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक,

(x) किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रव-ग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियों को करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम 3 वर्ष तक,

(xi) किसी दूसरे देश के संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रव ग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियां करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त, अनुसूचित जातियों तथा आदिम जातियों से संबंधित रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम 8 वर्ष तक;

(xii) 1971 में हुए भारत-पाक संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाहियों में विकलांग हुए तथा उसके फलस्वरूप निर्मुक्त किये गये सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों के मामलों में अधिकतम 3 वर्ष तक;

(xiii) 1971 में हुए भारत-पाक संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाहियों में विकलांग हुए तथा उसके फलस्वरूप निर्मुक्त किये गये सीमा सुरक्षा बल के ऐसे कार्मिकों के मामले में अधिकतम 8 वर्ष तक, जो अनुसूचित जातियों या अनुसूचित आदिम जातियों के हों,

